तापमान
अधिकतम 26 .8 डिग्री
न्यूनतम 11 .6 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

11 जिला बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन...

12 अंबाला् में निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा

खबर संक्षेप

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस कार्यक्रम आज

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिक संस्थान में कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर मीडिया और मातृभाषाः अभिव्यक्ति, पहचान और अधिकार विषय पर कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष सेवा सिंह बतौर मुख्य वक्ता ऑनलाइन अपना उद्बोधन देंगे। संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा में प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में हरियाणवी, पंजाबी एवं डोगरी भाषा में छात्र प्रस्तुतियां देंगे।

25 फरवरी को करेंगे राज्य स्तरीय प्रदर्शन

कुरुक्षेत्र। आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन 25 फरवरी को चंडीगढ़/पंचकूला में राज्य स्तरीय प्रदर्शन करेगा और मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा। यह प्रदर्शन उस दिन 25 फरवरी को सारे देश के राज्य की राजधानियों में किए जाएंगे। यह जानकारी आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा व जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने दी। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हो या राज्य सरकारें वो किसान-मजदूर विरोधी नीतियों को लागू करने पर उतारू हैं जिसका हमारे संगठन समेत सभी किसान संगठन इसका विरोध कर रहे हैं।

पानीपत में महिला के साथ लाखों की ठगी

पानीपत। पानीपत के गांव वैसर निवासी महिला कुसुम से साइबर ठगों ने 10.65 लाख रुपये ठग लिए। वहीं, साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में कुसुम ने बताया कि 27 व 30 जनवरी को उसकी एक नंबर पर एक व्यक्ति से बात हुई। उसने उसे एक कंपनी की फ्रेंचाइजी देने की बात कही। उसकी बातों में आकर कुसुम राजी हो गई। ठगों को भुगतान कर दिया। इधर, कुसुम की शिकायत पर थाना साइबर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम, हल्की बरसात से ठंड का अहसास

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

पश्चिमी विक्षोभ के चलते जिले में वीरवार को हुई हल्की बरसात के बाद मौसम में ठंडक बढ़ गई है। अचानक से मौसम गर्म होने के बाद हुई बरसात गेहूं की फसल के लिए लाभदायक मानी जा रही है। किसानों का कहना है कि इस बरसात से गेहूं की पछेती फसल को फायदा मिलेगा। बुधवार रात को ही आकाश में काले बादल छा गए थे। मौसम विभाग द्वारा भी पश्चिमी विक्षोभ के चलते वीरवार को जिले में बरसात की संभावना जताई जा रही थी।

मौसम का मिजाज

गेहूं की फसल के लिए वरदान साबित होगी हल्की बरसात

यमुनानगर। गांव तपड़ापुर में बरसात के बाद लहलहाती गेहूं की फसल। फोटो: हरिभूमि

बुधवार शाम को ही आकाश में काले बादल छा गए थे

इसी संभावना के चलते किसानों ने अपनी गेहूं की फसल में पानी देना बंद कर दिया था। बुधवार शाम को ही आकाश में काले बादल छा गए थे। रात को ही जिले में अधिकतर क्षेत्रों में हल्की बरसात के साथ तेज हवा चली। हल्की बरसात का यह सिलसिला वीरवार को सुबह तक जारी रहा हालांकि रादौर क्षेत्र में अच्छी बरसात हुई है। सुबह नौ बजे के बाद बरसात बंद हो गई मगर आकाश में बादल छाए रहे।

कभी धूप तो कभी बादल छाए रहने से बदला रहा मिजाज

कभी धूप तो कभी बादल छाए रहने से मौसम का मिजाज भी बदला बदला नजर आया। बरसात के बाद जिले के तापमान में भी कमी देखी गई। जिससे लोग फिर से गर्म कपड़े पहने हुए नजर आए। गांव तपड़ापुर के किसान सतपाल सैनी, प्रिंस सैनी, धर्मवीर, राकेश व मनोज ने बताया कि फरवरी माह में अचानक से मौसम गर्म हो गया था।

जिससे गेहूं की फसल पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ने लगा था मगर इस समय हुई बारिश के बाद मौसम ठंडा हो गया है जो कि गेहूं की फसल के लिए लाभदायक है। उन्होंने बताया कि अगर जल्द ही एक दो हल्की बूंदाबांदी हो जाती है तो गेहूं की पछेती फसल को इसका फायदा मिलेगा।

यमुनानगर: नगर निगम ने संपत्ति धारकों की चस्पाई सूची

मालिकाना हक को चार गांवों के 64 संपत्ति धारकों ने जमा कराए दस्तावेज

लाल डोरा व आबादी देह में स्थित संपत्तियों पर दस साल से काबिज संपत्ति धारकों के लिए मालिकाना हक देने को निगम ले रहा दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

लाल डोरा व आबादी देह में दस साल से काबिज संपत्ति धारकों ने संपत्ति प्रमाण पत्र देने को दस्तावेज लेने के लिए उधमगढ़, तेलीपुरा, जडौदा व गढ़ी मुंडो में शिविर लगाए गए। प्रमाण पत्र लेने को चारों स्थानों पर 64 संपत्ति धारकों ने दस्तावेज जमा कराए। इन संपत्तिधारकों को सूची निगम द्वारा उनके गांव में चस्पा दी है।

यदि किसी को कोई आपत्ति है तो सात दिन के भीतर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। इसके बाद इन संपत्ति धारकों को मालिकाना हक देने को उनके संपत्ति प्रमाण पत्र तैयार किए जाएंगें। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर लाल डोरा व आबादी देह में दस साल से रह रहे संपत्ति धारकों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक देने के लिए संपत्ति प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। निगम द्वारा जगाधरी जोन के वार्ड नंबर तीन के गांव उधमगढ़ व तेलीपुरा, वार्ड एक के जडौदा गांव व वार्ड सात के गढ़ी मुंडो में शिविर लगाए गए। कमेटी सचिव एवं निगम अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, पटवारी एवं कमेटी सदस्य कुलदीप कुमार व अन्य की टीम ने संपत्ति धारकों के दस्तावेज लिए। ताकि उन्हें उनकी संपत्ति का मालिकाना हक दिया जा सके।

इस दौरान उधमगढ़ में 12 व तेलीपुरा में 12, जडौदा में 13 और गढ़ी मुंडो में 27 संपत्ति धारकों ने संपत्ति प्रमाण पत्र लेने को दस्तावेज जमा कराए। निगम अधिकारियों ने संपत्ति धारकों को दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। इन संपत्ति धारकों की सूची उनके गांव में चस्पाई गई। साथ ही ग्रामीणों को बताया गया कि लाल डोरा व आबादी देह की जगह में बसे जिन लोगों ने दस्तावेज जमा कराए है। इनकी लिस्ट यहां चस्पाई गई है। यदि किसी को कोई ऐतराज है तो वह निगम में सात दिन के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकता है। सात दिन तक कोई आपत्ति दर्ज न होने पर इन संपत्ति धारकों के प्रमाण पत्र बनाकर उन्हें मालिकाना हक दिया जाएगा।

सात दिन के भीतर दर्ज करा सकते हैं आपत्ति

यमुनानगर। ग्रामीणों की मौजूदगी में संपत्ति धारकों की सूची चस्पाते निगम अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

मालिकाना हक को ये दस्तावेज जरूरी

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि आबादी देह व लाल डोरा में स्थित संपत्तियों का प्रमाण पत्र लेने के लिए संपत्ति धारक को राजस्व विभाग द्वारा सत्यापित आबादी व लाल डोरा का शपथ पत्र, पिछले दस साल का बिजली बिल या पानी का बिल, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, जीएसटी सर्टीफिकेट, वोटर कार्ड, कब्जा प्रमाण पत्र, प्रॉपर्टी टैक्स की रसीद, निर्माणाधीन नक्शा प्रमाण पत्र में से कोई दो दस्तावेज, सेलडीड, कन्वेयन्स डीड, रिलीज डीड, जमाबंदी, फर्द, राजस्व विभाग द्वारा सत्यापित डिक्री, रजिस्ट्री और राजस्व विभाग द्वारा जारी वारसान रिपोर्ट दस्तावेज जरूरी है। संपत्ति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए संपत्ति धारक ये जरूरी दस्तावेज साथ लाए।

दस्तावेज की सही तरीके से जांच करें

नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने कमेटी सचिव व अन्य कर्मियों को निर्देश दिए कि संपत्ति धारकों के दस्तावेज की सही तरीके से जांच करें। जांच के दुरुस्त दस्तावेज वाले संपत्ति धारकों का प्रमाण पत्र तैयार करें।

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सेशन अदालत का फैसला

कुकर्म के आरोपियों को सुनाई 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

- दोषियों को 45/45 हजार रुपये जुर्माने की भी सजा सुनाई

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग के साथ कुकर्म करने के आरोपी गुरप्रीत गिरी व गुरप्रीत वासीयान थाना ईस्माइलाबाद को 20/20 साल कठोर कारावास व 45/45 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 1 जून 2021 को थाना ईस्माइलाबाद एरिया वासी एक नाबालिग युवक ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 1 जून 2021 शाम को वह अपने खेत में गया था।

उसी समय गांव के गुरप्रीत व गुरमीत उसके खेत में आए और उसके साथ गलत कम करने लगे। उसी समय उसका ताऊ खेत में आ गए जिसको देखकर आरोपी मौका से भाग गए जिसकी शिकायत पर थाना ईस्माइलाबाद में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक नरेश कुमार द्वारा अमल में लाई गई। जांच के दौरान नाबालिग का मेडिकल चेकअप करवाया गया। तफ्तीश के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले का चालान अदालत में दिया गया था।

केस की सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट में हुई

मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी गुरप्रीत गिरी व गुरप्रीत वासीयान को दोषी करार देते हुए पोक्सो एक्ट की धारा 6/18 के तहत 20/20 साल कठोर कारावास व 30/30 हजार रुपये जुर्माना तथा जुर्माना न भरने की सूरत में 12 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई। आईपीसी की धारा 377/511 के तहत 5/5 साल कठोर कारावास व 15/15 हजार रुपये जुर्माना तथा जुर्माना न भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई।

पूर्व सरपंच ने किया 41.38 लाख का गबन

समालखा। पानीपत गांव मनाना की पूर्व महिला सरपंच सुनीता देवी के कार्यकाल के दौरान हुए गबन का खुलासा हुआ है। यह गबन, उनके द्वारा करवाए गए विकास कार्यों के रिकॉर्ड की ऑडिट करने पहुंची टीम ने पकड़ा है। सरपंच का कार्यकाल पांच साल का रहा। साल 2016 से 2021 तक सुनीता सरपंच रही और वर्तमान में चुनाव लड़ी और हार गई थी। टीम रूटीन में विकास कार्यों के कागजी दावों को धरातल पर चेक करने पहुंची थी। जिस दौरान लाखों के इस गबन का खुलासा हुआ है। महिला सरपंच ने विकास कार्यों की आड़ में 41.38 लाख का घपला किया है। गबन का पता लगने पर गांव के रहने वाले संदीप राठी ने प्रशासन को शिकायत दी है। उन्होंने ब्याज समेत रिकवरी की मांग की है।

- ऑडिट टीम ने पकड़ा

युवक को 8.29 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा

यमुनानगर । शहर यमुनानगर पुलिस ने पश्चिमी यमुना नहर पटरी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8.29 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया।

- न्यायिक हिरासत में भेजा

जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार शहर यमुनानगर थाने में तैनात एसआई जसवंत सिंह ने बताया कि वह रात साढ़े आठ बजे टीम के साथ गढ़ी रोड पावर हाउस के पास गश्त कर रहा था। उसे सूचना मिली थी कि आनंद कॉलोनी पुरानी हमीदा निवासी जुनैद नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है। वह इस समय पश्चिमी यमुना नहर पटरी के पास खड़ा और नशीला पदार्थ बेच रहा है।

एसडीएम रादौर ने खंगाला रिकार्ड

रादौर। एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार ने वीरवार को रादौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय प्राथमिक विद्यालय व आंगनवाड़ी सेंटर जाट नगर का दौरा किया। एसडीएम ने स्कूल की प्राथमिक कक्षाओं का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बाल वाटिका के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की और सभी विद्यार्थियों को दिए जाने वाले मिड-डे मील को भी चेक किया। उन्होंने भविष्य में विद्यालय के बेहतर संचालन के लिए अनेक सुझाव दिए।

यमुनानगर। सरकारी अस्पताल रादौर में रिकॉर्ड की जांच करते एसडीएम नरेंद्र कुमार।

अध्यापकों को निर्देश दिए

एसडीएम ने लाइब्रेरी रजिस्टर, मिड-डे मील रजिस्टर, हाजिरी रजिस्टर व अन्य सभी रजिस्टर चेक किए। उन्होंने मिड-डे मील के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले खाने की गुणवत्ता की भी जांच की तथा मिड-डे.मील खुद खाकर चैक किया। स्कूल से सम्बन्धित सभी रिकार्ड व दस्तावेज संतोषजनक पाए गए। एसडीएम ने अध्यापकों को निर्देश दिए कि वे विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की जानकारी भी दें और स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान दें। यदि वे स्कूल में अच्छी शिक्षा और सुविधाएं मुहैया कराएंगे तो स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या भी बढ़ेगी।

फैमली आईडी में गुमराह करने वालों पर केस होगा

पानीपत। जिला सचिवालय के सभागार में नियमित रूप से आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जो प्रार्थी समाधान शिविर में फैमली आईडी में अपनी इनकम कम करवाने के लिए प्रार्थना पत्र दे रहे है उनकी पहले विभाग जांच करेगा व गलत मिलने पर उनके खिलाफ प्रशासन को गुमराह करने की अवेज में एफआईआर दर्ज करवाएगा।

पानीपत। जिला सचिवालय में जनसुनवाई करते हुए अधिकारीगण।

अवहेलना पर कटेगी एक दिन की सैलरी

डॉ दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे न्यायालय में गवाही से संबंधित मामलों को लेकर जिला सचिवालय में एनआईसी द्वारा कमरा नंर 424 में जो सैटअप लगाया गया है वहां वे वीडियो कांफ्रेंसिंग से न्यायालय से संबंधित मामलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकते है। कोई अधिकारी व कर्मचारी अब इन आदेशों की अवहेलना करेगा तो उसकी एक दिन की सैलरी काटेगी। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि शिविर में जो लोग समस्याओं को लेकर पहुंच रहे है उन्हें अपनी समस्या के निदान को लेकर किसी सहारे की जरूरत नहीं है। अधिकारी व प्रार्थी भी भली भांति समझते है।

हरियाणा पुलिस और स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का जन आन्दोलन

ग्रेट खली ने कुरुक्षेत्र पुलिस के साथ मिलकर नशा-मुक्त हरियाणा अभियान में लिया भाग

- नशे से दूर रहकर खेलों में करें देश का नाम रोशन : गेट खली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

हरियाणा पुलिस और स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का नशा-मुक्त हरियाणा अभियान एक जन आन्दोलन का रूप ले चुका है। इस अभियान हर रोज नए-नए प्रतिष्टित व्यक्ति जुड़ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्गनिर्देश में कुरुक्षेत्र पुलिस भी इस अभियान के तहत आमजन को नशा ना करने के प्रति जागरूक कर रही है।

वीरवार को कुरुक्षेत्र पुलिस के साथ देश का नाम रोशन करने वाले दिलीप कुमार उर्फ ग्रेट खली ने इस अभियान में हिस्सा लिया। जानकारी देते हुए जिला पुलिस के नोडल ऑफिसर डीएसपी सुनील कुमार ने बताया कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इस बुराई को खत्म करने के लिया हम सबको मिलकर काम करना होगा।

नशा न करने का संकल्प

डीएसपी ने कहा कि नशे के खिलाफ जन आन्दोलन में हम सबकी भागीदारी ही प्रदेश और देश को नशा-मुक्त बनाने में सहयोग करेगी। हरियाणा पुलिस और स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो ने सकारात्मक सोच के साथ इस अभियान को शुरू किया है। निश्चित ही हम नशे को खत्म करने में कामयाब होंगे। युवा पीढ़ी को इस दलदल से बाहर निकालने के लिए हम सब एक टीम की तरह काम कर रहें हैं। बकेट चैलेंज नशे की बेड़ियों को तोड़ने का अभियान है। किचडयुक्त पानी से भारी बाल्टी को फैंकना नशे से दूर रहने का प्रतीकात्मक कदम है। बकेट चैलेंज के माध्यम से संकल्प लिया जाता है कि जीवन में कभी नशा ना करेंगे और ऐसा करने के लिए दूसरों को भी प्रेरित करेंगे।

दुबई में चल रहे गल्फ फूडस मेले में भारत के चावल की भारी मांगः पुष्कर गोयल

- गल्फ फूड मेले मे वीरवार को भी तरावड़ी के स्टालों पर विदेशी व्यापारियों का लगा तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

दुबई में चल रहे गल्फ फूडस मेले में तरावड़ी शहर के चावल एक्सपोर्टरों के लगे स्टालों पर विभिन्न देशों से आए व्यापारी चावलों की किस्मों की जानकारी लेते नजर आए। तरावड़ी के के.एस. एग्रो प्रा. लि. के एमडी पुष्कर गोयल ने कहा कि दुबई में चल रहे गल्फ फूडस मेले में भारत के चावल की भारी मांग है। उन्होंने बताया कि वह भी दुबई में भारत से अपना स्टॉल लगाने के लिए यहां पहुंचे है। उन्होंने कहा कि भारत के सभी फूड्स उत्पादन लोग पसंद करते हैं। क्योंकि इनकी गुणवत्ता बेमिसाल है। उन्होंने कहा कि तरावड़ी शहर के कई चावल व्यापारियों ने वहां पर अपने-अपने चावलों के मार्के के स्टाल लगा रखे है तथा शहर के चावल व्यापारियों के लगे स्टालों पर विदेशी व्यापारियों का जमघट लगा हुआ हैं। जिसमें डबल चाबी बासमती चावल, गैलेक्सी बासमती चावल, बीडी ओवरसीज, 521 फूड्स प्रोडक्ट, भारत सीरियल, भारत इंडस्ट्रीज, शिव शक्ति इंटर ग्लोब, जीवी राइस मिल, जानकी दास राइस मिल, श्रीराम ग्रुप, कुबेर फूडस के अलावा जिला के कई चावल व्यापारियों ने दुबई में अपने-अपने चावलों के मार्के के स्टाल लगा रखे है।

तरावड़ी। डबल चाबी बासमती चावल के एम डी पुष्कर गोयल व यश सलूजा विदेशी व्यापारियों से चर्चा करते हुए। फोटो: हरिभूमि

अच्छे बिजनेस की उम्मीद

पुष्कर गोयल ने कहा कि गल्फ में मेले के दौरान स्टॉल लगाने के लिए काफी खर्च करना पड़ता है लेकिन इससे निर्यात को बढ़ावा मिलता है। भारतीय चावल की मांग पूरे विश्व में है। क्योंकि भारत द्वारा जो चावल तैयार किए जाते हैं उनमें गुणवत्ता होती है और वह खाने में भी बेमिसाल होते हैं।

खास तौर पर पूरे देश में करनाल के तरावड़ी शहर में सबसे ज्यादा चावल का उत्पादन होता है। इनमें से अधिकांश चावल अरब क्षेत्र के देश के साथ-साथ यूरोप और अन्य देशों में भी इसका निर्यात होता है। पुष्कर गोयल ने बताया कि मेले के दौरान चावल व्यापारियों को अच्छा बिजनेस मिलने की उम्मीद है।

खबर संक्षेप

27 को मनाया जाएगा शहीद आजाद का बलिदान दिवस

इंद्री। भारत नवनिर्माण सेना के प्रदेशाध्यक्ष पंडित धर्मपाल शांडिल्य की अध्यक्षता में 27 फरवरी को शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस हर वर्ष की तरह ब्राह्मण धर्मशाला इंद्री मे मनाया जाएगा । पंडित धर्मपाल शांडिल्य ने कहा कि 27 फरवरी को ब्राह्मण धर्मशाला इंद्री में शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम 9 बजे शुरू होगा।

स्वयं सेविकाओं ने की साफ-सफाई

घरौंडा। राजकीय महिला महाविद्यालय बसताडा,घरौंडा में प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी जी के मार्गदर्शन व कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह जी के नेतृत्व व राष्ट्रीय सेवा योजना संयोजिका श्रीमती अनुराधा के संयोजन में शिविर का आयोजन किया गया। स्वयं सेविकाओं ने श्रमदान कर कॉलेज प्रांगण में स्थित पार्क व खेल मैदान की साफ सफाई की। उन्होंने पेड़-पौधों की छटाई की, क्यारियाँ बनाई और खरपतवार को निकाला।

निकाय चुनावः विधायक ने संभाली कमान

करनाल। करनाल के निकाय चुनाव का रण सज चुका है। अब सभी उम्मीदवार चुनाव प्रचार के लिए मैदान में हैं। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी ने भी अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। प्रचार की कमान स्वयं करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने संभाल रखी है, जो घर-घर जाकर लोगों से सीधा संपर्क कर रहे हैं और प्रत्याशियों के लिए प्रचार कर रहे हैं।
वीरवार को करनाल के वार्ड नं. 7 में आजाद प्रत्याशी चरण सिंह चरनी (चुनाव निशान शंख) ने मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता और पार्षद प्रत्याशी जोगिंद्र शर्मा को अपना समर्थन दिया।

नगर खेड़े की स्थापना पर भंडारा आज

घरौंडा। नगर खेड़े का स्थापना दिवस 21 फरवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायगा, जिसको लेकर नगर खेड़े पर पाठ किये गए है. 21 फरवरी को शहर की सुख शान्ति के लिये हवन यज्ञ किया जायगा, उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जायगा। नगर खेड़े पर आचार्य राजेश पाठक जी भजनो के माध्यम पाठ कर रहे है. स्थापना दिवस को लेकर शहर के लोगो मे काफ़ी उत्साह है।

मारने की धमकी व पार्सल चुराने का छठा आरोपी काबू

भिवानी। थाना शहर पुलिस ने अमेजॉन ऑफिस में घुसकर व्यक्ति से मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने व ऑफिस से पार्सल चोरी करने के मामले में छठे आरोपी को देवसर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान हिमांशु निवासी देवसर के रूप में हुई है।

आचार संहिता का पालन सुनिश्चि करें: उपायुक्त

करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न करवाने के लिए सभी अधिकारी चुनावी प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग करते रहे। इन चुनावों में आदर्श आचार संहिता की शत प्रतिशत पालना करवाना सुनिश्चित की जाए।

सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए हुई थी स्पर्धा

पुरस्कार वितरण समारोह में 600 बच्चों को सम्मानित किया

समूह नृत्य, एकल नृत्य, समूह गायन आदि कई स्पर्धाओं का हुआ था आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के तत्वाधान में जिला बाल कल्याण परिषद, बाल भवन द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सी.ई.ओ. जिला परिषद गौरव कुमार ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

जिला बाल कल्याण अधिकारी डॉ. सतीश कुमार ने मुख्य अतिथि, बच्चों के साथ आये अध्यापक-गण तथा अभिभावकों का स्वागत किया और हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की जिला शाखा करनाल द्वारा पूरे जिले में चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए बाल भवन द्वारा समय-समय पर आयोजित कार्यक्रमों के बारे में बताया।

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा 'बाल दिवस' के उपलक्ष्य में कार्यक्रम अधिकारी सुमन शर्मा की देख-रेख में जिले के सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए 14 से 19 तक विभिन्न रूपों में समूह नृत्य, एकल नृत्य, समूह गायन, एकल गायन, बेस्ट आउट ऑफ द वेस्ट मटेरियल, दिया कैंडल डेकोरेशन, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, थाली सजावट, देश भक्ति समूह गायन, वन एक्ट प्ले/थिएटर प्ले, फन गेम, स्केचिंग ऑन दी स्पॉट, बेस्ट ड्रामेबाज़ कार्ड मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, डेक्लामेशन, थाली/कलश पूजन, फैंसी ड्रेस, क्विज इत्यादि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित करवाई गई थी। वीरवार को कार्यक्रम में लगभग 600 बच्चो को पुरस्कार प्रदान किये गए।

कपिल गुप्ता एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के इंटरनेशनल डायरेक्टर नियुक्त

करनाल। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने अंतरराष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल के वरिष्ठ समाजसेवी कपिल गुप्ता को फाउंडेशन का इंटरनेशनल डायरेक्टर नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेन्द्र अरोड़ा ने कपिल गुप्ता को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कपिल गुप्ता ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन जन तक लेकर जायेंगे और अपनी टीम का विस्तार करेंगे, उन्होंने कहा कि वह फाउंडेशन के चैरिटी प्रोजेक्ट में विशेष भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को भ्रष्टाचार उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन यूके द्वारा सम्मानित किया गया है ।

कांग्रेस निकाय चुनावों के लिए तैयार कार्यकर्ता मेहनत कर रहेः शैलजा

करनाल। कांग्रेस नेता एवं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा करनाल पहुंची, जहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस निकाय चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। कार्यकर्ता मेहनत कर रहे हैं और एकजुट होकर चुनावी रणनीति बना रहे हैं। बीजेपी द्वारा कांग्रेस नेताओं को अपनी ओर खींचने की कोशिशों पर सैलजा ने कहा कि सत्ता में रहने के कारण वे दबाव डालकर ऐसा कर रहे हैं।लेकिन कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुटे हुए हैं।त्रिलोचन सिंह के पार्टी छोड़ने के सवाल पर सैलजा ने कहा कि उनकी सुगबुगाहट पहले से थी। पार्टी ने उन्हें समझाने की पूरी कोशिश की, लेकिन उन्होंने अपना फैसला किया। इसलिए आप पार्टी ने उन्हें निष्कासित कर दिया है।

करनाल में एयरपोर्ट यात्रियों को लूटने वाले 5 बदमाश धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

■ आरोपी महंगे शौक और नशे की लत पूरी करने के लिए वारदातों को देते थे अंजाम

सीआईए-1 टीम ने पांच शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। लुटेरे एयरपोर्ट से आने वाली टैक्सियों को निशाना बनाकर यात्रियों से लूटपाट करते थे। ये आरोपी महंगे शौक और नशे की लत पूरी करने के लिए वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने इनके पास से तीन हथियार, दो जिंदा कारतूस, नकदी और लूटे गए मोबाइल और लूट में यूज की कार को बरामद किया है। चार दिन के रिमांड के बाद आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेज दिया है। आरोपियों में देवेश कौशिक वासी जीवन विहार, सोनीपत, नितिन वासी गांव सांदल खुर्द, सोनीपत, राहुल वासी ताजपुर तिहाड़ खुर्द, सोनीपत और सुरज वासी तारानगर कालोनी, सोनीपत को कार में अवैध हथियार के साथ गांव कुटेल क्षेत्र से गिरफतार किया गया था। आरोपियों से 1 अवैध देशी पिस्तौल 32 बोर, 1 अवैध देशी पिस्तौल 315 बोर, 5 रौंद, 1 मैगजीन, 3 मोबाइल फोन व 50,000 रुपये नकद बरामद किए गए। कुरूक्षेत्र का एक व्यक्ति दिल्ली से टेक्सी में घर की तरफ जा रहा था। 27-28 दिसंबर की आधी रात को इन लुटेरों ने बसताड़ा टोल प्लाजा के पास टैक्सी को घेरकर लूट की वारदात की थी। आरोपियों ने पहले कार टैक्सी के आगे लगाई और फिर हथियार दिखाकर यात्रियों से सोने की चेन, नकदी और तीन मोबाइल लूट लिए थे।

भाजपा ने निकाय चुनाव के लिए बनाई रणनीति

■ विधायक ने की कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

इंद्री। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक रामकुमार कश्यप।

भाजपा कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग मेहता फार्म इंद्री मे हुई । जिसकी अध्यक्षता इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने की। इस मौके पर विधायक ने इंद्री नगरपालिका चुनाव में भारी मतो से जीत हासिल करने के लिए रणनीति तैयार की और कार्यकर्ताओं की चुनावी प्रचार के लिए ड्यूटी लगाई।

विधायक ने बताया कि इंद्री नपा चुनाव में भारी मतों से जीत हासिल करने के लिये पार्टी द्वारा इंद्री नपा चुनाव के लिए प्रभारी के रूप में रोजी मलिक व चुनाव संयोजक के तौर पर मेहर सिंह कलामपुरा को जिम्मेवारी सौंपी गई है। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सभी बूथ प्रमुख, पन्ना प्रमुख और शक्ति प्रमुख का यह कर्तव्य बनता है कि वह हर घर-हर वोट तक पहुंचकर पार्टी के पक्ष में मतदान करवाएं। विधायक ने बताया कि आगामी 27 फरवरी को हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इंद्री पहुंचेंगे और इंद्री वासियों से भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण, इंद्री से नगर पालिका अध्यक्ष के उम्मीदवार जसपाल बैरागी,चरणजीत सिंह, राजेंद्र मिट्ठा, संजय कांबोज, जगदीश गोयल, संजय कांबोज, रघबीर बतान व विजय कुमार सहित काफी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया

■ चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय में दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

निकाय चुनाव के लिए जरूरी विभिन्न प्रकार के प्रबंधों को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इसके लिए कमेटियां भी गठित कर दी गई है तथा कार्यो का विभाजन करते हुए नोडल अधिकारियों की भी तैनाती की गई है। गुरुवार को स्थानीय पंडित चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय में चुनाव से संबंधित सभी प्रकार के प्रबंधों को समय रहते पूरा करने के दृष्टिगत अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। एआरओ एवं सीओ जिला परिषद गौरव कुमार ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले सभी प्रकार के प्रबंध सुनिश्चित कर लिए जाए तो बड़े से बड़े कार्य को दक्षता के साथ संपन्न किया जा सकता है और इसमें मेहनत भी कम लगती है। चुनाव भी हम सबके लिए इसी प्रकार का कार्य है जिसमें प्रबंधन की आवश्यकता रहती है। इस मौके पर उन्होंने चुनाव से संबंधित प्रत्येक कार्य के लिए नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया।

तैयारी करना आवश्यक

सीओ जिला परिषद गौरव कुमार ने कहा कि ईवीएम चेकिंग, ईवीएम रेंडमाइजेशन, पोलिंग पार्टियों को ईवीएम प्रशिक्षण, मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति, पोलिंग पार्टियो व सर्विस वोटर द्वारा दिए जाने वाले ईडीसी तथा पोस्टल बैलट की प्राप्ति के लिए स्टॉफ की ड्यूटी, चुनाव सामग्री डिस्पैच व प्राप्ति के लिए विभिन्न काउंटर प्रबंधन, पोलिंग पार्टियों के लिए परिवहन व रिफ्रेशमेंट प्रबंधन, वार्ड अनुसार मतदाता सूचियो की उपलब्धता,पोलिंग पार्टियों को प्रथम द्वितीय व तृतीय प्रशिक्षण के लिए टेंट पानी सिटिंग आदि की व्यवस्था, कम्प्यूटर ऑपरेटरों की तैनाती,सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित प्रबंधन तथा चुनाव संबंधी प्रत्येक गतिविधि की वीडियोग्राफी आदि बहुत से कार्य चुनाव प्रबंधन के तहत आते है। इन सभी की तैयारी चुनाव पूर्व करना आवश्यक रहता है।

हीरामल जमाल सांग का मंचन किया

■ सांगी मोहम्मद मीर और उनकी टीम ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में आयोजित सांग उत्सव में गुरुवार को हीरामल जमाल सांग का मंचन किया गया। सांगी मोहम्मद मीर और उनकी टीम ने दर्शाया कि हीरामल जमाल नाम की एक मुस्लिम लडक़ी को मुस्लिम संस्कार सिखाता है।

घर में देर सबेर आने पर व जमाल के साथ जुडऩे पर उसके परिवार जन मना करते हैं मगर हीरामल नहीं मानता। देर रात घूमने पर वह पुलिस द्वारा पकड़ा जाता है। वह सोचता है उसके परिवारजन उसकी जमानत करेंगे मगर ऐसा नहीं होता। क्योंकि मां बाप कहते हैं कि जो बुराई के साथ है वह चाहे उनका बेटा ही क्यों ना हो। मगर उसका दोस्त कमरुदीन उसकी जमानत कराता है। यह सांग जहां एक ओर मां पिता की आज्ञा मानने का संदेश देता है तो वहीं दूसरी ओर सच्ची दोस्ती को दिखाता है।

इस मौके पर प्रधान रमेश जिंदल ने बताया कि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन शहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी।

शिव पुराण कथा का किया जा रहा आयोजन

दूसरी ओर सत्यनारायण मंदिर हनुमान गली में शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। आचार्य मिथलेश नंदन ने कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव की महिमा अपरंपार है। सच्चे हृदय से जो व्यक्ति भोलेनाथ की आराधना करता है उसका जीवन सार्थक हो जाता है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बी.बी. गुप्ता, जिले सिंह, बालकिशन शर्मा, गौरव गर्ग, जिवय अग्रवाल, राजन गुप्ता, संजय गोयल, प्रभात गुप्ता, चंदन गर्ग, विनोद भाटिया, रविंद्र बंसल व नंद किशोर गोयल आदि मौजूद रहे।

नए कानूनों को लेकर दी ट्रेनिंग

■ जरूरी डिजीटल उपकरण उपलब्ध कराये जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर वीरवार को यहां जिला सचिवालय में ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग में करनाल न्यायालय के सभी न्यायाधीश व जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए।

ट्रेनिंग में न्याय श्रुति, ई-समन, ई-साक्ष्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एनआईसी उप निदेशक(सामान्य) शशि कांत शर्मा ने तीन नये कानूनों-भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित, भारतीय न्याय संहित और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के क्रियान्वयन को लेकर सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों की जानकारी दी। उपनिदेशक ने बताया कि नये कानूनों को लागू करने के लिये पायलट तौर पर यहां की दो अदालतों-जिला सत्र न्यायालय और ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट का चयन किया गया है। इनमें जल्दी ही जरूरी डिजीटल उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। श्री शर्मा के अनुसार न्याय श्रुति ऐप के माध्यम से सभी अदालतों, जेल, पुलिस थाने, फोरेंसिक लैब को जोड़ा जायेगा। उन्होंने बताया कि ई-साक्ष्य के लिये अपराध स्थल का वीडियो और फोटो जरूरी है जिन्हें 48 घंटे के भीतर कोर्ट में प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा कि नये डिजीटल प्लेटफॉर्म और कानूनों के माध्यम से न्याय प्रणाली में सुधार संभव है।

मनुष्य को मोक्ष प्रदान करती है शिव महापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

■ गांव सग्गा में चल रही कथा में बोले कथाव्यास रसिक बिहारी

गांव सग्गा में चल रही महा शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथाचार्य स्वामी रसिक बिहारी जी महाराज ने धर्म और ज्ञान से जुड़ी बातों से भक्तों को अवगत कराया और कहा कि 'इस भूतल पर कल्याण के लिए इस कथा से उत्तम दूसरा कोई साधन नहीं है।

उन्होंने कहा कि इस महापुराण के पठन अथवा ज्ञान से अवश्य ही पापी, दुराचारी लोग शुद्ध हो सकते हैं. उन्होंने बताया कि कुछ प्राचीन इतिहास का वर्णन मुनियों ने कुछ इस प्रकार से दिया है, जिसके श्रवण या पठन से पापों का संपूर्ण नाश हो जाता है.'भगवान शिव की आराधना मनुष्य को मोक्ष प्रदान करती है. इसलिए समस्त मानव जाति को भगवान शिव की निर्मल मन से उपासना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिसके मन में छल कपट होता है। वह कभी शिव को प्राप्त नहीं कर सकता। जिसका मन पवित्र है, वहीं शिव का वास होता है। जो मन में मेल रखता है, छल कपट रखता हैं, उसे कभी शिव की प्राप्ति नहीं होती है। शिव की भक्ति निष्काम भक्ति होती हैं, जो कामनाएं लेकर जाता है। उस कामना को पूर्ण शिव अवश्य करते है। मन में छल कपट हो तो कोई कामना पूर्ण नहीं होती। उन्होंने कहा कि मन में बैर रखने से मन खराब हो जाता है, मन तो चंचल है, इसको जितना पवित्र रखोगे उतना ही ईश्वर आपके करीब रहेगा। कथा में शिव भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे लोगों में कथा का उत्साह देखते ही बनता था। समस्त ग्राम वासी और कथा समिति के सदस्य संजीव राणा ने बताया की रोजाना श्रद्धालुओं का हजूम बढ़ता जा रहा है। 27 फरवरी तक कथा का संचालन होगा। उस दिन भंडारा आयोजित होगा।

श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल की ओर से किया जाएगा संकीर्तन

मनाया जाएगा श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव

■ संकीर्तन के दौरान श्याम बाबा को 56 भोग लगाए जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल की ओर से श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। एक से 10 मार्च तक प्रतिदिन श्री खाटू श्याम मंदिर पुरानी अनाजमंडी में संकीर्तन होगा। संकीर्तन का समय शाम छह बजे से रात्रि 10.30 बजे तक रखा गया है। करनाल और हरियाणा के साथ-साथ अन्य राज्यों से भजन गायकों को फाल्गुण महोत्सव में आमंत्रित किया गया है। लगभग 45 गायक श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करें। मंदिर को भव्य रूप में सजाया जाएगा। यह जानकारी श्याम सेवक अंशुल गर्ग और जतिन सिंगला ने दी। संकीर्तन के दौरान श्याम बाबा को 56 भोग लगाए जाएंगे।

40 से ज्यादा गायक करेंगे श्याम बाबा का गुणगान

श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव में 40 से ज्यादा गायकों को आमंत्रित किया गया है। इनमें करनाल और हरियाणा के अलावा अन्य राज्यों के गायक भी शामिल हैं। इन गायकों में प्रमुख तौर पर रेखा सुरभि, हेमंत ललित, युवी चोपड़ा, हर्ष गोयल, सन्नी निझावन, विनय लाडला, ज्योति, तमन्ना, बिन्नी भैया, दिवाकर कौशिक, कमल नायक, सौरभ नोटियाल, गतिक सिंगला, अमित केशव, अनुज पारिख, अभिषेक शर्मा, राजेश शर्मा, बबीता अग्रवाल, सुभाष सांवरिया, दीक्षा वधवा, जतिन जिंदल, श्रवण राज, भारत उमेश, सलीम पर्चा, रवि राजन, कीर्तिनमान, पंकज हरियाणवी व परतोष शरण फकीरा शामिल हैं।

मीटिंग में ये श्याम सेवक रहे मौजूद

श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित मीटिंग में अंशुल गर्ग, अनुज सिंगला, अनिल गोयल, अजय सैनी, अजीत जैन, अरविंद कांबोज, अंश गोयल, अनिल सैनी, चंद्रप्रकाश, दीपक गोयल, गुरदयाल अग्रवाल, जतिन सिंगला, कर्ण बंसल, मनीष गर्ग, मोहन लोधी, मुकेश गर्ग, मुनीष गर्ग, नीतेश खेत्रपाल, नीतिन अरोड़ा, नीतिन सिंगला, निशू सैनी, पंकिल गोयल, राजेश सिंगला, राहुल भारद्वाज, राकेश गुप्ता, राजीव जैन, साहिल गुप्ता, संदीप गुप्ता, संजय,

खबर संक्षेप

आईबी कॉलेज के साहिल ने पदक जीता

पानीपत। आईबी कॉलेज के विद्यार्थी साहिल ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित इंटर कॉलेज वूशू प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए पदक जीता है। यह जानकारी महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी लेफ़्टिनेंट डॉ. राजेश कुमार ने दी। जबकि कॉलेज प्रबंधक समिति के महासचिव लक्ष्मी नारायण मिगलानी तथा प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने साहिल को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आर्शीवाद दिया।

निगम चुनाव को लीगल टीम बनाई

पानीपत। जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भाजपा ने नगर निगम चुनाव के लिए पार्टी की लीगल टीम की घोषणा कर दी है। भाजपा ने लीगल टीम में एडवोकेट जसबीर राठी, अनिल लठवाल, चेतन्य अरोड़ा, दीपक ज्येष्ठ, अजीत, मनोज शर्मा, समीर नंदा, तमन्ना सेठी, पवन खुराना, एडवोकेट सौरव अनेजा, विजय मुकेश भाटिया, विनीत कड़वल, सुनील वधवा, सचिन भाटिया व कर्मदीप दुरेजा शामिल किया है। भाजपा से जुड़ा वकीलों का ये पैनल नामांकन में कागजी कार्यवाही पूरी करवाने का काम करेगा। चुनावों के दौरान विपक्षियों की खामियों पर भी नजर रखेगा। जहां भी चुनाव आयोग के नियमों की अवहेलना नजर आएगी, ये पैनल उस पर एक्शन लेगा।

बिमला की स्मृति में यज्ञ किया

पानीपत। निर्मला देशपांडे संस्थान में स्वतंत्रता सेनानी एवं गांधीवादी समाजसेवी विमला बहुगुणा की स्मृति में यज्ञ एवं सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। गांधी ग्लोबल फैमिली के महासचिव राम मोहन राय ने कहा कि बिमला बहुगुणा की मृत्यु विगत दिवस उम्र. 93 वर्ष की अवस्था में देहरादून में हुई। बिमला नौटियाल, जिन्होंने स्व. सुंदरलाल बहुगुणा को एक बहुगुणा व्यक्तित्व बना दिया का जीवन एक प्रेरणा का स्रोत है। चिपको आन्दोलन एवं गांधीवादी विचारों की प्रयोगशाला के रूप में अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाने वाले श्री बहुगुणा के साथ उनका जीवन यात्रा एक दिलचस्प कहानी प्रस्तुत करती है।

किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

इसराना। पुरानी अनाज मंडी में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा स्कीम के बैनर तले इसराना उपमंडल के पशुपालकों एवं किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए पशुपालन विभाग के उपमंडल चिकित्सक माणिक पंवार ने कहा कि सरकार द्वारा पशुपालकों व किसानों के लिए चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं तथा बैंकों से लोन लें।

पुलिस ने शराब का तस्कर पकड़ा

पानीपत। थाना सेक्टर 13/17 पुलिस टीम ने बुधवार को निजामपुर शक्ति कॉलोनी में दुकान में अवैध रूप से शराब बेच रहे लाल बहादुर पुत्र धनसिंह निवासी गांव निजामपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर थाना सेक्टर 13/17 में आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया है।

फायरिंग करने वाले दो पकड़े

पानीपत। सीआईए टू पुलिस टीम ने मतलौडा की मुंशीराम कॉलोनी में आयोजित शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करने मामले के दो आरोपियों ऋत्विक निवासी गांव छदिया यूसुफपुर व कार्तिकेय निवासी गांव उग्राखेड़ी जिला पानीपत को गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि विवाह में डीजे पर नाचते हुए रोब दिखाने के लिए आरोपी कार्तिकेय व ऋत्विक से देसी पिस्तौल हवा में लहराने के साथ डोगा गन से हर्ष फायर किए।

करियर चौपाल आयोजित

पानीपत। आईबी पीजी कॉलेज के प्लेसमेंट एंड करियर गाइडेंस सेल द्वारा मेधा लर्निंग फाउंडेशन के सहयोग से करियर चौपाल का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने छात्रों को करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया।

सभी उम्मीदवार बाइक रैली और बैंड बाजों के साथ भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे

भाजपा ने नगर निगम पार्षद उम्मीदवारों को टिकट बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पंकज शर्मा को पार्टी का प्रत्याशी टिकट देते हुए। फोटो :हरिभूमि

भाजपा जिला कार्यालय हुडा सेक्टर छह के परिसर में पानीपत नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा के पार्षद उम्मीदवारों के लिए भाजपा टिकट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की और शहरी विधायक प्रमोद विज मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर और जिला उपाध्यक्ष सुनील परढाना ने विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सभी उम्मीदवारों को भाजपा का टिकट प्रदान किया गया। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि आज सभी उम्मीदवारों को भाजपा के टिकट दे दिए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि निगम क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में लहर चल रही है। शहर का आम आदमी भी अब ट्रिपल इंजन सरकार के महत्व को समझता है फिर भी सभी भाजपा उम्मीदवार इस चुनाव की तैयारी युद्ध स्तर करे और सभी क्षेत्रों के लिए कानूनी सलाहकार समिति से विचार विमर्श कर और आवेदन पत्र को इस कानूनी टीम से चेक करवाकर ही आवेदन करें। शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि भाजपा की देश व प्रदेश सरकार ने अंत्योदय की भावना से रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य करवाए हैं और बिना खर्ची पर्ची के प्रतिभा के अनुसार 25000 नवयुवकों को सरकारी नौकरी दी है। पानीपत में भी रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य करवाए हैं। अब इन्हीं विकास कार्यों और पार्टी के संकल्प पत्रों को लेकर भाजपा प्रत्येक वार्ड में जाएगी और सभी 26 वार्डों में कमल खिलाएगी। इस अवसर पर सभी उम्मीदवार मोटरसाइकल रैली और बैंड बाजों से पूरी धूमधाम के साथ भाजपा जिला कार्यालय अपने टिकट लेने पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य, सुनीता गोयल, रोशन लाल माहला, आशीष संधू, जसबीर राठी, राजेंद्र भादड, योगेश भादड, अनिल लठवाल, चैतन्य अरोड़ा, आशु नंदा, नवीन सक्सेना, प्रमोद कुरड़िया आदि उपस्थित रहे।

पानीपत। संतों से आशीर्वाद लेते हुए भाजपा नेता व कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

नगर निगम चुनाव में भाजपा की जीत तयः विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नगर निगम वार्ड नंबर 9 के भाजपा प्रत्याशी नवल जिंदल के रंग मंच के पास चुनावी कार्यालय का उद्घाटन शहरी विधायक प्रमोद विज ने रिबन काटकर किया। उद्घाटन समारोह में आशीर्वाद देने के लिए संत समाज के राधे राधे जी महाराज, श्रीनाथ ब्रह्म ऋषि, अग्रवाल वैश्य पंचायत के प्रधान काकू बंसल, चुलकाना धाम श्री श्याम मंदिर के संरक्षक नरेश सिंगला नादे वाले पहुंचे। वहीं विधायक प्रमोद विज ने उद्घाटन करने के बाद कहा कि पानीपत नगर निगम में मेयर कोमल सैनी एवं सभी 26 वार्डों में कमल खिलेगा। लोग पानीपत का विकास चाहते हैं उन्होंने मन बना लिया है कि वह भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाएंगे। कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वह पूरी मेहनत और लगन से भाजपा को जीतने के लिए कार्य करें। इस मौके पर विभिन्न वर्गों के युवाओं ने भाजपा में आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा का पटका पहना। भाजपा प्रत्याशी नवल जिंदल ने विधायक प्रमोद विज व अन्य पदाधिकारियों को पगड़ी एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

दिल्ली से अंबाला तक तीसरी व चौथी 193 किमी. लंबा ट्रैक बिछाएगा उत्तर रेलवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जल्द शुरू होगी धिग्रहण प्रक्रिया

उत्तर रेलवे दिल्ली तिलक ब्रिज के उपमुख्य अभियंता चंद्रशेखर ने बताया कि इस परियोजना के लिए प्रस्ताव तैयार किया है। इसमें 80 हेक्टेयर भूमि प्राइवेट है। पांच हेक्टेयर भूमि सरकार के अधीन है। इस परियोजना का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसके अमल में आने पर आम जन को सुविधाओं का लाभ रेलवे द्वारा मिल पायेगा। इस मौके पर बी एंड आर के एसडीओ अश्विनी शर्मा, वन विभाग के अधिकारी जय किशन के अलावा उत्तर रेलवे व कई अन्य विभागों के

उत्तर रेलवे का देश की अर्थ व्यवस्था की मजबूती में बड़ा योगदान रहा है। हजारों लोग रोजाना रेलों में यात्रा करते है। उन्हें हर प्रकार की सुविधा मिलें इसको लेकर उत्तर रेलवे दिल्ली से अम्बाला तक प्रस्तावित 193 किलोमीटर लंबी तीसरी व चौथी लाइनों के विस्तारीकरण रेलवे परियोजना करने को लेकर प्रयासरत है। वहीं, उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने गुरूवार को जिला सचिवालय में विस्तारीकरण रेलवे परियोजना को लेकर रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक की व इस विषय पर बारिकी से चर्चा की। उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन रेलवे को हर संभव मदद देने के लिए तैयार है। जहां पर प्रशासन के सहयोग की आवश्यकता होगी प्रशासन पीछे नहीं हटेगा। उपायुक्त ने बताया कि तीसरी व चौथी लाइनों के विस्तार को लेकर 15 गांव के भूमि मालिको की भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें आठ गांव समालखा उपमंडल के अंतर्गत आते है व सात गांव पानीपत के अंतर्गत है। उपायुक्त ने बताया कि पानीपत जिला में करीब 11 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा व भूमि मालिकों को उनकी भूमि का मुआवजा दिया जाएगा।

आर्य कॉलेज के इंटर कॉलेज में वाद-विवाद व कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ अतिथिगण व विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

आर्य कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा अंतर महाविद्यालय वाद-विवाद व कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में करनाल, कैथल व पानीपत जिले के महाविद्यालयों के 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं, प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर होती हैं जिससे वो अपने अंदर की छीपि हुई प्रतिभा को निखार कर अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी मंच पर आने से डरते हैं उन विद्यार्थियों खुद का डर दूर करके मंच को अपना साथी बना लेना चाहिए, तब आपके अंदर मंच पर आने का साहस और भी ज्यादा बढ जाएगा। कॉलेज उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने बताया कि वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय के पक्ष बालने में आर्य कॉलेज की सुषमा ने पहला स्थान। आरकेएसडी कॉलेज कैथल की छात्रा स्नेहा ने दूसरा, गीता विश्वविद्यालय,पानीपत की छात्रा चाहत ने तीसरा व सांत्वना पुरस्कार आर्य कॉलेज की दिव्यांशी ने हासिल किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय के विपक्ष में बालने में दयाल सिंह कॉलेज के पंकुल वर्मा ने पहला स्थान, दूसरा स्थान आरकेएसडी कॉलेज कैथल की वंशिका जीता तीसरा आर्य कॉलेज के नीतीश ने हासिल किया। इसके साथ ही कविता पाठ प्रतियोगिता में दयाल सिंह कॉलेज,करनाल के रूद्राक्ष ने पहला, आर्य कॉलेज की दिव्या ने दूसरा, दयाल सिंह कॉलेज की दीक्षा ने तीसरा व आरकेएसडी कॉलेज कैथल की कशिश ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया।

पानीपत। अग्रवाल मंडी में डस्टबीन रखवाते हुए प्रवीण जैन आदि। फोटो :हरिभूमि

समाज सेवा संगठन ने रखवाए डस्टबिन

पानीपत। समाज सेवा संगठन ने एक नई पहल शुरू करते अग्रवाल मंडी के पास तालाब पर दो डस्टबिन रखवाए है, ताकि इस क्षेत्र के निवासी इनमें अपना कूडा डाल सके और गंदगी ना फैले। संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया कि पहले पूरे शहर में डस्टबिन रखे होते थे, जिसमें शहर वासी कूड़ा डालते थे, लेकिन जबसे ठेका जेबीएम को दिया है खर्चा भी ज्यादा आ रहा है और शहर में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे रहते है क्योंकि जो कूड़ा उठाने वाली गाड़ी कभी कभी आती है और हरेक निवासी गाड़ी में कूड़ा नहीं डाल पाता। जिसकी वजह से अग्रवाल मंडी के बाहर तालाब पर गंदगी के ढेर लग जाते है और निगम कर्मचारी कूड़े को तालाब में अंदर सरका देते हैं। कालोनी वासी परेशान रहते है वार्ड की परेशानी को देखते हुए दो डस्टबिन रखवा कर अभियान की शुरूआत की है। इस अवसर पर सत्य प्रकाश जैन नीरज जैन कैलाश जैन सुरेंद्र घनघस सुभाष गोस्वामी सतपाल शर्मा दीपक गोस्वामी रवि अरोड़ा विक्रम कालड़ा आजाद सिंह पुनिया आदि काफी संख्या में कालोनी वासी मौजूद थे।

आर्य कॉलेज ने वुशू चैंपियनशिप में ओवल ऑल ट्रॉफी जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ विजेता खिलाड़ी।

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के तत्वावधान में महिला व पुरूष वर्ग की वुशू चैंपियनशिप में आर्य कॉलेज के खिलाड़ियों ने महिला व पुरूष वर्ग ओवर ऑल ट्रॉफी जीत कर आर्य कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने स्वागत करते हुए बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि आर्य कॉलेज की छात्रा माफी ने सांशू के 52 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड, ताओलू में खुशबू ने चांगक्वान, जियांशु व क्वांग्शु विधा में तीन गोल्ड अपने नाम किए, हर्षिता ने 60 किलाग्राम वर्ग भार में सिल्वर मेडल, ताओलू में पायल ने एक गोल्ड व एक सिल्वर मेडल, ताओलू में शीतल ने दो सिल्वर, ताओलू में प्रेरणा ने एक सिल्वर व वंदना ने दो ब्रांज मेडल जीत कर महिला वर्ग में चैंपियन बने। वहीं पुरूष वर्ग में कॉलेज के रितिक ने ताओलू में दो गोल्ड, ताओलू में ही प्रीतम ने दो सिल्वर, ताओलू में विकास ने एक सिल्वर व एक ब्रॉंज, ताओलू में आशु ने एक सिल्वर व एक ब्रांज, अमन ने दो ब्रांज, रूप किशोर ने सांशू 60 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर, पुष्पम ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर व पीयूष ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रॉंज मेडल जीत कर पुरूष वर्ग में भी ओवर ऑल चैंपियनशिप अपने नाम की।

पानीपत। गोसेवा करते हुए इनसो नेता बलराज देशवाल व राजेंद्र जैलदार आदि।

गोसेवा कर मनाया जजपा नेता दिग्विजय चौटाला का जन्मदिन

पानीपत। जजपा के छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन (इनसो) के जिला प्रधान बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार ने इनसो के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव भाई दिग्विजय सिह चौटाला का 35वां जन्मदिवस गौ-सेवा के रूप में बनाया। इनसो की टीम गोशाला में पहुंचकर गायों को हरा चारा डाला और गुड़ खिलाकर जजपा नेता दिग्विजय चौटाला का जन्मदिन बनाया। इनसो छात्र नेताओं ने बताया की जजपा प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने हमेशा युवाओं व छात्रों की आवाज को हमेशा बुलंद करने का काम किया है छात्र संघ चुनाव बहाल करने में दिग्विजय चौटाला का अहम योगदान रहा है। इस अवसर पर सचिन शर्मा, अजय कुमार, प्रवीन सैनी, दीपक राणा, योगी खर्ब, राजा तंवर आदि छात्र मौजूद थे

शहरी व ग्रामीण अंचल में अवैध निर्माण रोकने को पुलिस सहयोग करेगी : एसपी सिंह

अवैध रूप से बनी बिल्डिंगों की निशानदेही कर सील करेगा प्रशासन

अवैध रूप से काटे जानी वाली कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन उपलब्ध न करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत। जिला सचिवालय में अवैध निर्माण को लेकर बैठक करती जिला टास्क फोर्स। फोटो :हरिभूमि

अवैध निर्माण को लेकर प्रशासन ने सख्ती से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। अब जो भी अवैध निर्माण दिखाई देगा उस पर ठोस कार्यवाही की जाएगी। जहां पर अवैध निर्माण से संबंधित मामले नजर आएंगे वहां पर बोर्ड लगाकर जनता को सूचित किया जाएगा कि उपरोक्त स्थान नियमों के विपरीत है। वहीं, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जिला टास्क फोर्स की मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अवैध निर्माण को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे है। जो अवैध कालोनियों का निर्माण करते है। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। डीसी डॉ. दहिया ने बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता एमएस धीमान को निर्देश दिए कि वे अवैध रूप से काटे जानी वाली कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन उपलब्ध न करवाएं। अगर ऐसा होता है तो यह न्यायालय की अवमानना मानी जाएगी। जिन स्थानों पर अवैध निर्माण हुआ है और काफी पुराना है उसे सील करने के भी उपायुक्त ने निर्देश दिए। उन्होंने जिला टाऊन प्लानिंग अधिकारी को निर्देश दिए कि वे पूरी तैयारी के साथ अवैध निर्माणों पर कार्यवाही करें। इसके लिए पूरी चौकसी बरतें। एक रणनीति के तहत कार्य करें। कार्यवाही करने से पहले शैडयूल जारी करें। नई अवैध बिल्डिंगे बनाने वालों पर शिकंजा कसे। समन्वय स्थापित कर इस कार्य में गति लाएं।

पुलिस करेगी सहयोग

पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि अवैध निर्माण करने वालों पर पुलिस विभाग पूरी निगरानी बरत रहा है। जरूरत पड़ने पर मोटी कार्यवाही के लिए वे तैयार है। उन्होंने जिला टाऊन प्लानिंग अधिकारी को निर्देश दिए कि वे कार्यवाही करने से एक दिन पूर्व सूचित करें। इस मौके पर एसडीएम ब्रह्मप्रकाश, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना आशीष वशिष्ट, तहसीलदार विरेन्द्र गिल, डीटीपी सुनील आंतिल, एसडीओ सिंचाई विभाग कुरूसास्वत, वन अधिकारी जय किशन आदि मौजूद रहे।

भाजपा सीए प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने रविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारतीय जनता पार्टी के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स (सीए) प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सीए नितिन बंसल ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली से विचार विमर्श कर पानीपत सीए ब्रांच के वर्तमान सीपीइ चेयरमैन और कोषाध्यक्ष सीए रविंद्र सिंह को पानीपत भाजपा सीए प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है।

पानीपत ब्रांच के वर्तमान चेयरमैन सीए जगदीश धमीजा को जिला सह संयोजक नियुक्त किया गया। सीए ध्रुव कक्कड़ को सोशल मीडिया /आईटी की जिम्मेदारी दी गयी। सीए दीपक सिंगला और पानीपत ब्रांच के वर्तमान सचिव सीए भूपिंद्र शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

वहीं नवनियुक्त जिला संजोयक सीए रविंद्र सिंह ने अपनी और अपने सभी साथियों की तरफ से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, सीए प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सीए नितिन बंसल, प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता और पानीपत जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का आभार जताया है।

■ अवैध रूप से काटे जानी वाली कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन उपलब्ध न करवाएं

सीए रविंद्र सिंह।

खबर संक्षेप

डीसी ने खुद करवाई स्वास्थ्य शिविर में जांच

अंबाला। उपायुक्त अजय सिंह तोमर के निर्देशानुसार वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग से आई टीम ने डीसी ऑफिस के कर्मचारियों के साथ-साथ यहां पर स्थित अन्य विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें जांच उपरान्त दवाईयां भी निशुल्क वितरित की। तोमर ने स्वयं जांच शिविर का अवलोकन करते हुए यहां पर स्वास्थ्य की जांच करवाई।

डीसी ने खेल स्टेडियम का किया अवलोकन

अंबाला। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीरवार को अंबाला छावनी स्थित फुटबाल स्टेडियम, जिला खेल अधिकारी कार्यालय के साथ-साथ, खेल छात्रावास, ऑल वैदर स्वींमिग पूल, जिम्नास्टिक हॉल व बॉक्सिंग हॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां उन्होंने खिलाड़ियों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी भी ली। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम छावनी विनीत कुमार मौजूद रहे।तोमर ने सबसे पहले फुटबॉल स्टेडियम के सामने स्थित खेल छात्रावास का जायजा लिया।

समाधान शिविर में चार शिकायतें आई

अंबाला। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर को लगाएं जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रार्थी की समस्या को यहां पर विस्तार पूर्वक सुनते हुए उसका निदान किया जाता है। शिविर के दौरान विभागीय अधिकारी एक ही छत के नीचे उपस्थित रहते हैं। विभाग को मौके पर ही शिकायत मार्क करके उसका समाधान करने के दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। नगराधीश अभिषेक गर्ग वीरवार को जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में प्रार्थियों की समस्याओं को सुन रहे थे। शिविर में 4 शिकायतें प्राप्त हुई।

ई-बैंकिंग पर कार्यशाला के दौरान रखे विचार

बराड़ा। संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में ई-बैंकिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन ई-बैंकिंग विभाग की कोऑर्डिनेटर डॉ. रितु चांदना और इंचार्ज डॉ. बिन्नी पाहवा की देखरेख में किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से छात्राओं को मंच पर आने का अवसर मिलता है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। इंटरनेट बैंकिंग प्रणाली एक ऐसा माध्यम है, जिससे घर बैठे ही कई सुविधाएं प्राप्त की जा सकती हैं।

दिल्ली की नवनियुक्त सीएम को दी बधाई

अंबाला। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष आशीष तायल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को सीएम की शपथ लेने पर बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा की दिल्ली सरकार केजरीवाल द्वारा फैलाए भ्रष्टाचार से दिल्ली की जनता को मुक्त करवाएगी। विगत वर्षों में दिल्ली के रुके विकास कार्यों को नई गति प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल एंड पार्टी के झूठे वायदों को नकारते हुए भाजपा को प्रचंड जीत दिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास जताया है क्योंकि जनता जानती है कि मोदी जो कहते हैं वह करते हैं।

पटाखे बजाने वाले बुलेट बाइक को जब्त किया

मुलाना। बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे बजाने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए मुलाना थाना प्रभारी बलकार सिंह ने दोसड़का में नाकाबंदी की। चेकिंग के दौरान एक बाइक चालक की बाइक के साइलेंसर से पटाखे की आवाज आई। मोटरसाइकिल मालिक ने साइलेंसर से छेड़छाड़ की हुई थी । थाना प्रभारी बलकार सिंह ने उस मोटरसाइकिल को जब्त किया । बलकार सिंह ने बताया कि पुलिस एक विशेष अभियान भी चलाएगी। जिसमें मुख्य बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी रखी जाएगी। इस तरह की हरकतें आम जनता के लिए परेशानी का कारण बनती हैं।

नगरपालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला

अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के तीन नए चेहरे मैदान में, कांग्रेस ने किसी पर नहीं लगाया दांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

डॉ. कुलदीप शर्मा

हरजिंद्र सिंह

रजत मलिक

- 16 वार्डों से 43 उम्मीदवारों ने भी जीत के लिए शुरू किया चुनाव प्रचार

नगरपालिका चुनाव के लिए यहां सियासी मैदान पूरी तरह से सज चुका है। सभी उम्मीद्वारों को चुनाव चिह्न मिल चुके हैं। इस बार अध्यक्ष पद के लिए 11 उम्मीद्वारों ने नामांकन किया था। 4 उम्मीद्वारों ने अपना नाम वापिस ले लिया है।इसी तरह 16 वार्डों से 63 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। 21 अपना फार्म वापिस ले लिया है। इसी वजह से अब मैदान में केवल 43 उम्मीद्वार ही बचे हैं। वार्ड नंबर 8 और 14 से किसी भी उम्मीद्वार ने अपना नामांकन वापिस नहीं लिया है। चुनाव में उतरे सभी उम्मीद्वारों ने प्रचार शुरू कर दिया है। नपा चुनाव में सबसे दिलचस्प चुनाव अध्यक्ष का होने वाला है। इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। यह पहली बार है कि अध्यक्ष सीधे तौर पर चुना जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए डॉ. कुलदीप, ओमप्रकाश शर्मा, बलजीत सिंह, रीटा केसरी, भाजपा के हरजिंद्र सिंह, दविंद्र कुमार और रजत मलिक मैदान में है। हालांकि भाजपा की ओर से किसी भी नेता को अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। कांग्रेस ने तो चुनाव में अपना कोई उम्मीदवार ही मैदान में नहीं उतारा। अब यह चुनाव भाजपा के हरजिन्द्र सिंह, रजत मलिक और डॉ. कुलदीप के इर्द गिर्द ही घूम रहा है। ऐसे में किसी को भी कमजोर आंकना गलत होगा। रजत मलिक भाजपा पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं। वह भाजपा में अहम भूमिका रखते हैं।

- 25 उम्मीदवारों ने वापस लिया अपना नामांकन

वह पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान के भी करीबी माने जाते हैं। डॉ. कुलदीप शर्मा का भी मिलनसार स्वभाव व साफ छवि के कारण कस्बे में खूब नाम है। अब ये देखना बड़ा दिलचस्प होगा कि तीनो में से कौन सा उम्मीदवार जीत हासिल करता है।

निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा

अंबाला। अबाला छावनी सदर नगर परिषद् के चुनाव के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने एसडी कॉलेज छावनी में बनाए जाने वाले मतगणना केंद्र व स्ट्रॉंग रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंबाला छावनी विनीत कुमार, नायब तहसीलदार सुनील के साथ-साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे। तोमर ने नगर परिषद् के चुनाव के दृष्टिगत यहां पर बनाए जाने वाले मतगणना केंद्र के साथ-साथ स्ट्रॉंग रूम स्थापित करने को लेकर की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। रिटर्निंग अधिकारी विनीत कुमार ने उपायुक्त को बताया कि एसडी कॉलेज में ही स्ट्रांग रूम स्थापित होगा। यहीं पर मतगणना होगी। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह राणा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

अफसरों को चुनावी ड्यूटी की जानकारी दी

अंबाला। निकाय चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर वीरवार को मुरलीधर डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अंबाला शहर मे प्रीजाइडिंग ऑफिसर, सहायक प्रीजाईडिंग ऑफिसर व पोलिंग ऑफिसर के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर श्रीराम गुप्ता व अन्य द्वारा चुनाव से जुड़े कार्यों के बारे व आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत तमाम कार्यों की जानकारी उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को दी गई। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम मशीन से सम्बधिंत प्रक्रिया के बारे में भी तमाम जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 2 मार्च को जिले में निकाय चुनाव होने हैं। चुनाव ड्यूटी से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाने का मुख्य मकसद यहीं है कि उन्हें चुनाव से जुड़े कार्यों के बारे में तमाम जानकारी हो। मास्टर ट्रेनर श्रीराम गुप्ता ने मतदान वाले दिन मतदान से पहले होने वाली मॉकपोल बारे भी आवश्यक जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि सीईओ जिला परिषद गगनदीप सिंह को प्रशिक्षण शिविर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उनकी अध्यक्षता में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करते हुए चुनाव ड्यटी से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जानकारी दी जाएगी।

छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारी का महत्व बताया

- खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद ने व्यक्तित्व विकास पर दिया जोर

बराड़ा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थम्बड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) प्रमोद राणा मुख्य अतिथि और विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश पराशर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार ने अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर और विद्यालय परिसर में पौधारोपण करवा कर किया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा ने विद्यार्थियों को कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों और युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है। इससे उनमें सामाजिक जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक दृष्टिकोण और आपात स्थितियों से निपटने की योग्यता विकसित होती है। उन्होंने समाज की जरूरतों व समस्याओं को समझकर उनके समाधान की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

जनस्वास्थ्य विभाग ऑफिस को सील करने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- 3.92 करोड़ के टैक्स की रिकवरी किए बिना वापस लौटी जांच टीम
- ऑफिस सील होने की संभावना के चलते अफसरों ने शुरू की कार्रवाई

मॉडल टाउन स्थित जनस्वास्थ्य विभाग के भवन को नगर निगम की टीम सील नहीं कर पाई। विभाग की ओर निगमका 3.92 करोड़ का टैक्स बकाया है। निगम की टीम ने जब भवन को सील करने की मुनियादी करवाई तो तमाम कर्मचारी मुख्य गेट पर जमा हो गए। नगर निगम की टीम विरोध होने की भनक लगते ही भवन को सील किए बिना ही वापिस लौट गई। हालांकि भविष्य में कार्रवाई की संभावनाओं के चलते विभाग की ओर से बकाया संपत्ति कर देने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। जल्द ही निगम के खाते में 3 करोड़ 92 लाख का भुगतान करने की बात कही जा रही है। दरअसल जनस्वास्थ्य विभाग के पास निगम का संपत्ति कर बकाया है। पहले भी निगम टीम संपत्ति कर लेने के लिए विभाग में पहुंची थी। तब विभाग की ओर से निगम अधिकारियों से समय लिया गया था और अपने उच्चाधिकारियों को भी अवगत करवाया गया था। बकाया राशि का भुगतान न होने पर नगर निगम टीम जनस्वास्थ्य विभाग में पहुंची।

कार्यकारी अभियंता कर्णबीर सिंह ने निगम से आए संपत्ति कर शाखा प्रभारी विकास कुमार को बताया कि विभाग की ओर से 3 करोड़ 92 लाख के चेक जिला कोषागार में जमा करवा दिए गए हैं। जल्द ही निगम के खाते में यह राशि पहुंच जाएगी। इसके बाद टीम वापस लौटी। निगम की ओर से शहर में रोजाना बकाया संपत्ति कर होने पर भवन को सील किया जा रहा है। निगम लगातार बकाया संपत्ति कर की रिकवरी कर रहा है। संपत्ति कर शाखा प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि निगम की ओर से 31 मार्च तक बकाया संपत्ति कर रिकवर करने का लक्ष्य रखा गया है और लगातार इसको लेकर नोटिस दिए जा रहे हैं और बकाया कर न देने पर भवन को सील किया जा रहा है।सरकारी विभागों व निजी संपत्ति संचालकों से कर की रिकवरी की जा रही है। निगम की ओर से कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है, जो बकाया संपत्ति कर जमा करवाने के लिए माइक पर अनाउंसमेंट कर रहे हैं।

मूल्य-वर्धित शिक्षा के प्रति चंडीगढ़ विवि की प्रतिबद्धता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन ने हाल ही में अपने तेरह मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम पहल के साथ सहयोगात्मक शिक्षण और कौशल वृद्धि का एक प्रेरक सप्ताह शुरू किया। इस कार्यक्रम में फैशन डिज़ाइन, ललित कला, इंटीरियर डिज़ाइन और औद्योगिक डिज़ाइन विभागों में आकर्षक कार्यशालाएँ शामिल थीं, जहाँ 500 से अधिक छात्र भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों ने अपने ड्राइंग कौशल को निखारा, जिससे उन्हें फैशन अवधारणाओं को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने में मदद मिली। क्लो3डी फॉर नेक्स्ट-जेन डिज़ाइनर्स कार्यशाला थी, जिसने छात्रों को उन्नत 3डी परिधान विज़ुअलाइज़ेशन सॉफ़्टवेयर से परिचित कराया। डिजिटल फैशन टूल्स को समझना बहुत ज़रूरी है क्योंकि इंडस्ट्री वर्चुअल डिज़ाइन और सस्टेनेबिलिटी की ओर बढ़ रही है। फुलकारी कढ़ाई कार्यशाला ने आधुनिक तकनीकों को एकीकृत करते हुए पारंपरिक शिल्प कौशल का जश्न मनाया, जिससे छात्रों को समकालीन डिज़ाइन में इस पंजाबी कला के सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानने का मौका मिला। व्यापक दृश्य कला के क्षेत्र में, कला निर्देशन और फिल्म निर्माण सत्र ने दृश्य कहानी कहने में अंतर्दृष्टि प्रदान की, जिससे छात्रों को सिनेमाई संदर्भों में अपनी रचनात्मकता का उपयोग करने का अधिकार मिला। कला के प्रति उत्साही लोगों को पाम लीफ प्रिंटिंग से जुड़ने का अवसर भी मिला, जो एक कार्यशाला थी जिसमें पारंपरिक कलात्मक अभिव्यक्ति के साथ पारिस्थितिक जागरूकता को जोड़ा गया था। दुनिया में डिज़ाइन और उपयोगकर्ता अनुभव के परस्पर संबंध के लिए तैयार किया।

नैतिकता का पतन पार कर चुका चरम सीमा

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें व ग्रामीण।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम की ओर से आगामी महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मंगलई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि परमात्मा जन्म-मरण और पाप-पुण्य आदि कर्मों से परे है। जबकि सृष्टि पर पुनः भ्रष्टाचार, अनाचार एवं अत्याचार सर्वत्र फैल चुका है। चारों ओर नैतिकता का पतन अपनी चरम सीमा को प्राप्त हो चुका है। परमात्मा शिव मनुष्य मात्र को अज्ञान-निद्रा से जागृत करने के लिए पुनः प्रजापिता ब्रह्मा-वत्सों द्वारा सत्य ज्ञान देकर एवं सहज राजयोग सिखलाकर "पवित्र बनो, राजयोगी बनो' का ईश्वरीय संदेश दे रहे हैं। यह संदेश परमात्मा के अवतरण की सच्ची घटना है। इसके संदर्भ में घटने वाली घटनाओं ने मानवता और दानवता के भेद को भी नष्ट कर दिया है। मनुष्य अज्ञानता की अंधेरी रात में अपने विवेक का इस्तेमाल केवल विध्वंसक प्रवृत्तियों और अकल्याण के लिए कर रहा है। शिवरात्रि पर सच्चा उपवास यही है कि हम परमात्मा शिव से बुद्धियोग लगाकर उनके समीप रहें।

उपवास का अर्थ ही है उप + वास अर्थात समीप रहना। जागरण का सच्चा अर्थ भी काम, क्रोध आदि पांच विकारों के वशीभूत होकर अज्ञान रूपी कुम्भकरण की निद्रा में सो जाने से स्वयं को सदा बचाए रखना है। यहां स्थूल निद्रा की बात नहीं है। यदि व्यक्त स्थूल निद्रा में हो तो उसको कोई भी जगा सकता है परंतु अज्ञान निद्रा में सोए व्यक्ति को केवल परमात्मा ही उठाता है इसलिए शिवरात्रि के पर्व पर जागरण का महत्व है। तो हम सब भी इस आध्यात्मिक महत्व को जानकर शिवरात्रि को सार्थक मनायें। कार्यक्रम के दौरान शिव ध्वजारोहण किया गया।

अमेरिका की बजाय यूके भेजा एक साल तक करवाई मजदूरी

- अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटे युवक की शिकायत पर एजेंट के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अमेरिका से डिपोर्ट होकर आए युवा अब एजेंटों के खिलाफ शिकायत देने लगे हैं। यहां के गगनदीप सिंह की ओर से पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर करनाल के एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। गगनदीप सिंह ने बताया कि अमेरिका भेजने के नाम पर उसके साथ 45 लाख रुपये की ठगी हुई है। अप्रैल 2023 में इंस्टाग्राम के जरिए उसकी पहचान करनाल के रॉकी सिंह के साथ हुई थी। उसने बताया कि वह कई लोगों को अमेरिका भेज चुका है। वो उसकी बातों में आ गया और रॉकी सिंह ने उससे वैध तरीके से अमेरिका भेजने के लिए 17 लाख रुपये की मांग की। उसने बताया कि उसे पूरे पैसे वीजा लगने के बाद फ्लाइट में बैठने से पहले देने होंगे। सबसे पहले 10 अक्टूबर 2023 को रॉकी ने अमेरिका का वीजा लगने के नाम पर उससे 17 लाख ले लिए। उसे बताया गया कि इंग्लैंड का स्टडी वीजा लगा है। वहां 2 महीने रहने के बाद उसका अमेरिका का वीजा लग जाएगा। 12 अक्टूबर 2024 को वो इंग्लैंड चला गया। यहां एयरपोर्ट पर रॉकी का एक आदमी एयरपोर्ट पर लेने आ गया। उसने उसे अपने साथ करीब एक साल रखा। उससे जबरन मजदूरी करवाई गई। उसे धमकाया गया कि जब तक अमेरिका का वीजा नहीं लगता तब तक चुपचाप काम करते रहे। इसके बाद रॉकी ने अलग-अलग रास्तों से उसे अमेरिका भेजने का आश्वासन दिया। उसने 45 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद एजेंट ने 25 जनवरी 2025 को अमेरिका बार्डर पार करवा दिया लेकिन यहां बॉर्डर अमेरिकी सिक्योरिटी ने उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

बरसात के बाद फिर ठंड ने दी दस्तक

अंबाला। वीरवार को अचानक से मौसम परिवर्तित हो गया। सुबह के समय हल्की बूंदाबांदी और ठंडी तेज हवाओं ने सर्दी का अहसास कराया। तेज हवा चलने से अंबाला शहर के पास जंडली पुल पर सफेदे का पेड़ गिर गया। शहर को जोड़ने वाले इस पुल पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। कुछ वाहन तो पेड़ के नीचे से ही गुजरने लगे। ऐसे में सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रेफिक को डायवर्ट करना शुरू कर दिया। हल्की धूप भी निकली मगर फिर बादल छा गए। बुधवार रात से हो रही बरसात की वजह से मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। एक बार फिर सर्दी का अहसास होने लगा है। बरसात की वजह से ही ठंडक ने एक बार फिर दस्तक दी है। वीरवार शाम तक आसमान में बिजली कड़कती रही।

आम आदमी के हितों की पैरवी के मकसद से शुरू करेंगी वकालत

ड्राइवर की पुत्री को मास्टर ऑफ लॉ में गोल्ड मेडल

- महिला वर्ग की आवाज बनना मेरा मकसद : छवि कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला। गोल्ड मेडल के साथ छवि।

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित 34वां दीक्षांत समारोह में मास्टर ऑफ लॉ में एंबुलेंस चालक दिनेश कौशिक की बेटी छवि कौशिक ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। छवि की मां सुदेश शर्मा भी नर्सिंग ऑफिसर हैं। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने पर छवि को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। छवि ने बताया कि वह मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उसकी दादी राजदुलारी गर्वनमेंट आयुर्वेदिक औषधालय राखी गढ़ी में ट्रेंड दाई के पद पर कार्यरत थी। 2 नवंबर 1999 को उन्हीं के हाथों से छवि का जन्म हुआ था। छवि की माता ने बताया जन्म के समय देखते ही दादी राजदुलारी ने कहा था /"एक दिन मेरी पौती परिवार का नाम रोशन करेंगी/" उनके कहें शब्द आज जाकर साकार हुए । छवि की माता सुदेश शर्मा लोकनायक जयप्रकाश सिविल अस्पताल कुरूक्षेत्र में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। पिता दिनेश कुमार कौशिक एंबुलेंस पर ड्राइवर के पद पर नारायणगढ़ में कार्यरत हैं। छवि ने ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा मेडिकल संकाय से अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण की थी। लेकिन उसकी रूचि कानूनी शिक्षा की ओर थी। तब पूरे कौशिक परिवार की सहमति से छवि का दाखिला गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार से बीए-एलएलबी में दाखिला करवाया। छवि विश्वविद्यालय में एक नंबर की कमी से सेकेंड टॉपर रही। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में 34 वां दीक्षांत समारोह में उपस्थित प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने छवि को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया है। छवि ने अपने आने वाले समय में समाज सेवा में योगदान देने की ओर इशारा किया। उनका कहना है की वो न्याय क्षेत्र मे ही अपना भविष्य बनाना चाहती है। देश में न्यायपालिका में न्यायाधीशों के रिक्त पदों के चलते आम आदमी न्याय के इंतजार में अपने जीवन के महत्वपूर्ण समय को न्यायालय की भागदौड़ में गंवा देते हैं। इस वजह से न्याय प्रणाली से समय पर न्याय नहीं मिल पाता। ऐसे में पीड़ित परिवार का अस्तित्व ही समाप्ति के कगार पर पहुंच जाता है । आम आदमी इंसाफ की आस में टूट जाता है। इस जीवन को व्यर्थ समझता है । छवि ने कहा कि प्राथमिकता से मेरे जीवन का उद्देश्य पीड़ित महिला वर्ग की आवाज बनना है। बेजुबां जानवरों के हित मे कार्य करना है।

न्यूज डायरी

200 मरीजों ने करवाई अपनी आंखों की जांच

अंबाला। योगा फेडरेशन द्वारा अंबाला छावनी स्थित कार्यालय व हेल्थ वैलनेस सेंटर, लाल कोठी, हाउसिंग बोर्ड में एक फ्री आंखों के कैंप का आयोजन किया। फेडरेशन के प्रधान राजिंदर विज ने बताया कि योगा फेडरेशन ने अंबाला शहर के मशहूर आंखों के डॉक्टर पीसी शर्मा के साथ मिलकर फ्री आंखों के कैंप का आज आयोजन किया जिसमें लगभग 200 के करीब लोगों ने अपनी आंखें फ्री में टेस्ट करवाई। फेडरेशन ने अपनी और से निशुल्क ,दवाई और चश्में मरीजों को बांटे।। फेडरेशन के सचिव अश्विनी जैन ने बताया बताया कि 1 अगस्त को योगा फेडरेशन द्वारा एक फिजियोथैरेपी सेंटर अपने कार्यालय में शुरू किया गया था जिसमें हर रोज लगभग 30 के करीब मैरिज फिजियोथैरेपी का 80 रुपए में प्रतिदिन फायदा उठा रहे हैं। यहां पर लोगों को फिजियोथैरेपी की विभिन्न वा आधुनिक सेवाएं प्रदान की जा रही है। नई और आधुनिक मशीनों के द्वारा डॉक्टर तनु बंसल के द्वारा फिजियोथैरेपी से विभिन क्षतिग्रस्त अंगों का तसलीबक्ष इलाज किया जा रहा है। वर्किंग प्रेसिडेंट सुनीता अरोड़ा ने बताया कि इससे पहले योगा फेडरेशन ने फरवरी में आयुष के साथ मिल कर एक आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी व स्वस्थ वेलनेस सेंटर में आयुष विभाग की एक डॉक्टर दीपा जैन और योगा फेडरेशन के दो आयुर्वेदिक डॉक्टर आशिमा सोनी फरवरी 2024 से मुफ्त सेवाएं प्रदान कर रहें है। जिसमें सोमवार और बृहस्पति की ओपीडी के दिन 150 से लेकर 200 मैरिज इस अस्पताल में फ्री दवाई की सुविधा और परामर्श का लाभ उठा रहे हैं।

धार्मिक भजन 'महाकाल तो महाकाल' की धूम

अंबाला। मशहूर गायक "शैली "ने शिव भक्ति में लीन, महाकाल तो महाकाल है, भजन से एक बार फिर धूम मचा है। सोशल मीडिया पर उनका भजन शिव साधक द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। यह भजन भक्तों में शिव भक्ति से भरपूर ऊर्जा प्रदान करता है। पिछले कुछ समय से शैली ने अपनी गायकी से युवाओं की पहली पसंद बन रहे हैं। वे बताते हैं कि उन्हें शुरू से ही पंजाबी गीत गाने का शौक है। कॉलेज के समय में भी वे कई मंचों पर अपनी गायकी का जादू बिखेर चुके हैं। इसी वजह से अब युवाओं में उनकी गायकी का क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा है। वह अपने गानों से युवाओं को लुभाते रहे हैं। इस महाकाल नामक भजन को उबरते लेखक " इंद्र कलेर " ने अपनी लेखनी से स्वरूप दिया है। इसका सुंदर म्यूजिक शैली ग्रुप का रहा है जिसे भक्तों ने भी अपना भरपूर प्यार दिया है । इसे संजीव सैनी ने प्रोड्यूस किया है शैली प्रसिद्ध शिव भक्ति में लीन महाकाल के भक्तों को अपनी गायकी से लुभाते रहे हैं। उनके प्रसिद्ध हिंदी व पंजाबी गाने "डमरू धारी म्यूजिक "पर उपलब्ध रहते हैं ।